मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 205 ■ रविवार 9 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर

# वालधुनी नदी होगी प्रदूषण से मुक्त

■ चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू
■ 416 करोड़ रुपये की निधि

**उल्हासनगर.** लगभग 35 से 40 साल पहले, उल्हासनगर की मीठे पानी से बहने वाली वालधुनी नदी जींस और रासायनिक कारखानों के कारण प्रदूषण से अभिशप्त थी। अब, मनपा ने नदी को इस अभिशाप से मुक्त करने के लिए कदम उठाए हैं और गंदे पानी को शुद्ध करके नदी में छोड़ने के लिए चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए हैं। ये प्लांट चालू हो गए हैं और आयुक्त एवं प्रशासक मनीषा आव्हाले ने हाल ही में इन प्लांट का निरीक्षण और समीक्षा की।

■ अमृत योजना से 416 करोड़ रुपये की निधि

अमृत योजना के तहत 416 करोड़ रुपये की निधि से वालधुनी नदी पर कुल चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए गए हैं। इनमें वडोल गाँव में 20.72 मिलियन लीटर क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, शांतिनगर में 31.26 मिलियन लीटर क्षमता वाला, खेमानी नाला में 15 मिलियन लीटर क्षमता वाला और खेड़ेगोलावली में 8 मिलियन लीटर क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। शांतिनगर में एक और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है और इसका कार्य प्रगति पर है।



वालधुनी नदी हाजीमलंग की तलहटी से निकलती है और अंबरनाथ, उल्हासनगर, शांतिनगर से होते हुए कल्याण खाड़ी तक जाती है। 50 से 40 साल पहले, यह नदी मीठे पानी की थी और पर्यटन और मछली पकड़ने के लिए जानी जाती थी। समय के साथ, जींस कारखानों और रासायनिक कारखानों की बढ़ती संख्या के कारण, नदी का मीठा पानी दूषित पानी में बदल गया। इसके कारण, नदी के पानी का रंग हरा, पीला, गुलाबी और काला होता दिखाई दे रहा है।

■ भविष्य की योजनाएँ

अब जबकि चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू हो गए हैं, नदी के गंदे पानी को शुद्ध करके नदी में छोड़ा जाएगा। मनपा आने वाले कुछ वर्षों में नदी का स्वरूप बदलने का प्रयास करेगा। विसर्जन, छठ पूजा और अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए नदी पर घाट भी बनाए जाएँगे। इस निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनंत जवादवार, उप अभियंता परमेश्वर बुडगे और सलाहकार जीवन बरबड़े उपस्थित थे।

# अंबरनाथ नपा पर शिवसेना का भगवा लहराएगा



■ 40 से 45 नगरसेवक चुनकर आएंगे
■ नगराध्यक्ष भी हमारा होगा
■ कार्यकर्ता बैठक में अरविंद वालेकर ने किया दावा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना पक्ष में कोई गटबाजी नहीं है. हम लोग पक्ष को और भी मजबूत करने एवं शहर विकास के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं. अंबरनाथ नपा पर शिवसेना का झंडा लहराएगा. 59 में से 40 से 45 उम्मीदवार शिवसेना के विजयी होंगे और नगराध्यक्ष भी शिवसेना का ही होगा. ऐसा विश्वास शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने शिवसेना का कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में खुंटवली में कहा है.

विदित हो कि गत कुछ महिने से शहर प्रमुख वालेकर एवं विधायक किणीकर के बीच की दूरियां एवं एक दूसरे के विरोध में आ रहे बयान को देखते हुए उपरोक्त खुलासा किया है. उस समय शिवसेना के कार्यकर्ता, पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. शिवसेना ठाणे जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने कहा कि अंबरनाथ में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा जो विकास कार्य हुआ है, इसलिए हम दावा करते हैं कि इस चुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार भारी वोटों से विजयी होंगे और नगराध्यक्ष भी उनके पक्ष का होगा. अरविंद वालेकर एवं संभावित नगराध्यक्ष की उम्मीदवार मनिषा वालेकर ने भी शहर में हुए विकास कामों का जिक्र किया और कार्यकर्ताओं से कहा कि वह इन विकास कामों को घर-घर जाकर लोगों को बताएं.

निखिल वालेकर ने कहा कि एक लाख टक्के जीत का दावा करने वाले भाजपा के पास कई प्रभाग के लिए उम्मीदवार तक नहीं है. इस बैठक में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक, पदाधिकारी एवं महिला एवं युवक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# अमित बघेल की इंटरनेशनल सम्मेलन में की गई कड़ी निंदा: महेश सुखरामानी

■ मनीला शहर में इंटरनेशनल सिंधी सम्मेलन का आयोजन संपन्न





**उल्हासनगर।** फिलीपीन देश के मनिला सिटी में इंटरनेशनल तीन दिवसीय सिंधी सम्मेलन का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ यह सम्मेलन 21 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रखा गया था इस सम्मेलन में भारत सहित अन्य देशों के 700 सिंधी भाई-बहनों ने शामिल होकर सिंधी समाज की शान बढ़ाई। इस सम्मेलन में सिंधु भवन बनाने की मांग भी रखी गई। सिंधी भाषा और सिंधी संस्कृति को कैसे बढ़ाया जाए इस पर भी विचार विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में 30 कलाकारों ने भाग लिया और उन्होंने सिंधी संस्कृति से जुड़े नित्य और झांकियां लोगों के सामने प्रस्तुत किया । सामाजिक कार्यों को देखते हुए इंटरनेशनल सम्मेलन में दादा लदाराम नागवानी, डॉ. राम जव्हरानी, महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एलाइंस आफ ग्लोबल सिंधी एसोसिएशन और फिलिपींस सिंधी ऑर्गेनाइजिंग कमेटी द्वारा रखा गया था। मुरज फाउंडेशन की तरफ से एनआरआई सर्विस करने के लिए विष्णु हाथीरामानी को 3 लाख रुपये नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

महेश सुखरामानी ने कहा कि सिंधी समाज को आगे लाने के लिए विचार विमर्श किया गया और सिंधी भाई बहनों को प्रोत्साहित किया गया ताकि सिंधी समाज पूरे विश्व में सामाजिक कार्य के लिए आगे आये और यह सम्मेलन देश-विदेश के सभी सिंधी समुदायों को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य रखी गई थी ताकि देश-विदेश के सभी सिंधी समाज एक मंच पर आ सके।

खास बात यह रही की इस इंटरनेशनल सम्मेलन में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज को अपशब्द कहे जाने के विरोध में निंदा प्रस्ताव पास किया गया और सभी लोगों ने मिलकर अमित बघेल की कड़ी निंदा कर बघेल का निषेध किया।

## शादी का झांसा देकर 62 लाख रुपये ठगे

**कल्याण.** डोंबिवली में अपने परिवार के साथ रहने वाली महिला से शादी का झांसा देकर कुल 62 लाख 75 हज़ार रुपये ठग लिए। इस धोखाधड़ी के मामले में डोंबिवली के विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज किए गए हैं।

44 वर्षीय महिला अपने पंजाबी पति से अनबन के कारण अपने पति और बेटे से अलग होकर डोंबिवली पश्चिम में अपनी माँ के घर रहती है। 44 वर्षीय महिला ने अपने परिवार की सहमति से दोबारा शादी करने का फैसला किया। पीड़िता ने विवाह वेबसाइट जीवन साथी पर पंजीकरण कराया। वेबसाइट पर पंजीकरण के माध्यम से अनिल अजीत दातार ने पीड़िता से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि वह शादी में रुचि रखते हैं।

अनिल दातार डोंबिवली पूर्व में मानपाड़ा रोड पर विजया बैंक के सामने एक सोसाइटी में रहते हैं। पीड़िता के परिवार ने अनिल के स्वभाव को समझ लिया।

# अंबरनाथ में मतदाता सूची नहीं मिलने पर महाविकास आघाड़ी आक्रामक

■ नपा में आंदोलन कर सूची की होली जलाई गई
■ चुनाव आयोग का आदेश ठुकराया

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में शनिवार 8 नवंबर तक मतदाता सूची की घोषणा अथवा आनलाइन अपलोड नहीं किए जाने पर महाविकास आघाड़ी घटक पक्ष, शिवसेना उबाठा, मनसे, कांग्रेस, राकापा (शप) के नेताओं ने आंदोलन करके नारेबाजी की और मतदाता सूची की होली जलाई और आरोप लगाया कि मतदाता सूची में हेराफेरी करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा ये बताए जाने पर कि 7 नवंबर तक सूची की घोषणा करना है. अंबरनाथ के चुनाव अधिकारी ने सूची की घोषणा अब तक नहीं की है. सभी पक्ष ने चुनाव बहिष्कार का नारा दिया है. विरोधकों ने बताया कि हजारों वोट दूसरे प्रभागों में स्थलांतरित किए गए हैं. ऐसा अधिकारियों के निर्देश पर विरोधकों ने लाया था. लेकिन आज तक मतदाता सूची महाविकास आघाड़ी एवं अन्य पक्ष के नेताओं को नहीं मिलने पर वह 10 नवंबर को नामांकन कैसे दाखिल करेंगे. इसलिए चुनाव का बहिष्कार भी किया जा सकता है. ऐसा शिवसेना उबाठा के अध्यक्ष अजित काले ने कहा है. सूची अब तक अपलोड क्यों नहीं की गई, जब ऐसा पूछने के लिए विरोधक अधिकारियों के पास गए तो उनके द्वारा सही उत्तर नहीं दिए जाने से नेता और भी आक्रामक हो गए. सूची की हेराफेरी को खत्म करके जब तक सूची नहीं घोषित की जाती, तब तक चुनाव ना लिए जाएं. ऐसा कांग्रेस के उमेश पाटिल ने कहा है. उनके साथ मिलिंद पाटिल भी थे. मनसे शहराध्यक्ष शैलेश शिर्के भी इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो गए थे. राकांपा (शप) अध्यक्ष सलीम शेख ने भी आंदोलन में बाग लिया और नारेबाजी की.

# चांदनी लेडीज़ सर्विस बार पर पुलिस का छापा

■ 9 महिलाओं समेत 15 लोग गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस ने शुक्रवार रात उल्हासनगर के कैंप नंबर 17 सेक्शन स्थित चांदनी बार पर छापा मारा। इस बार पुलिस ने कम कपड़ों में अश्लील डांस कर रही महिलाओं समेत कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस पहले भी इस बार और अन्य बार के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है।

सेंट्रल पुलिस को शुक्रवार रात सूचना मिली कि उल्हासनगर के कैंप नंबर 17 सेक्शन में चांदनी लेडीज़ सर्विस बार है और महिलाएं कम कपड़ों में बार में अश्लील हरकतें कर रही हैं।

सूचना के आधार पर, सेंट्रल पुलिस स्टेशन की एक टीम ने शुक्रवार रात 10:30 बजे चांदनी बार पर छापा मारा और कार्रवाई की।

बार में छोटे कपड़ों में अश्लील इशारे करने के आरोप में रिलिमा खातून अयूब अली मंडल, लक्ष्मी लालप्पा बोदगुट्टा, सीमा विश्वास मलिक, वंदना राजेश अरोड़ा, कृष्णा राजेश शिंग, काजल धीरेंद्र पटेल, हेमा जमाराम कुम्हार, अमिमा वामन दरेकर और सायबा अयूब खान सहित नौ महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था।

इसके साथ ही बार मालिक सुधीर शिवराम शेट्टी, मैनेजर दीपक सुरेंद्र मेनन, वेटर प्रभात कुमार रोहित मोरिया, कमलेश सीताराम मिश्रा, रहमद दुलाल खान और अजय कुमार विनोद कुमार मिश्रा समेत कुल 15 लोगों पर अश्लील हरकतों को बढ़ावा देने का मामला दर्ज किया गया है.

# घरेलू विवाद में पत्नी की चाकू मारकर हत्या

■ पति ने भी खुद को चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास किया



**उल्हासनगर.** घरेलू विवाद से गुस्से में आकर पति ने अपनी बहन के साथ रह रही महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद, टिटवाला थाना क्षेत्र के वरप गाँव में पति द्वारा भी उसी स्थान पर चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास करने की एक चौंकाने वाली घटना घटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस महिला की चाकू मारकर हत्या की गई, उसका नाम विद्या (33) है और वह भांडुप में रहती थी। घरेलू कारणों से उसका अपने पति संतोष से झगड़ा हुआ था। इसी के चलते विद्या अपनी बेटी के साथ उल्हासनगर के वरप गाँव में अपनी बहन के घर पर लगभग दो महीने से रह रही थी। इस वजह से संतोष उससे और भी ज़्यादा नाराज़ था।

रात लगभग 9.30 बजे जब विद्या किराने का सामान खरीदने गई, तो संतोष पहले से ही उस पर नज़र रखे हुए था। जब विद्या वहाँ पहुँची, तो संतोष उसके सामने आ गया। दोनों के बीच फिर से बहस के बाद संतोष ने अपने पास मौजूद धारदार चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया। जिससे विद्या खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। जैसे ही यह घटना उस स्थान पर हुई, कुछ नागरिक वहां दौड़े। उस समय संतोष ने उसी खून से सने धारदार चाकू से अपना गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की. स्थानीय नागरिक दोनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने विद्या की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि संतोष की हालत गंभीर थी, इसलिए उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। जैसे ही टिटवाला पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक पंकज गिरी को इस घटना की जानकारी मिली, वे पुलिस टीम के साथ सेंट्रल अस्पताल पहुंचे। गंभीर रूप से घायल संतोष को आगे के इलाज के लिए कलवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर पंकज गिरी के मार्गदर्शन में आगे की जांच चल रही है।

# उल्हासनगर में मनसे कार्यकर्ता पर हमला

■ विट्ठलवाड़ी पुलिस में मामला दर्ज
■ चाइनीज ठेले पर बिक रही शराब



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में मनसे के उपविभागाध्यक्ष पर आधी रात को कल हमला किया गया। इस हमले में अजय बागुल गंभीर रूप से घायल हुआ है, उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। यह घटना उल्हासनगर 4 में CNG पंप के सामने एक चाइनीज दुकान के बाहर देर रात करीब 2 बजे हुई है। जब कुछ युवक बहस कर रहे थे, तब अजय बागुल ने माहौल शांत करने की कोशिश की। लेकिन, नशे में धुत युवकों ने अजय बागुल पर ही हमला कर दिया। इस हमले में अजय के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस बीच, इस घटना के बाद MNS के पदाधिकारियों ने आधी रात तक दुकान चलाने वाले चाइनीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से उल्हासनगर में हड़कंप मच गया है।

# नपा प्रशासन की गधे से तुलना

## उल्हासनगर में मनसे के अनोखे आंदोलन की चर्चा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर की सड़कों की हालत इतनी खराब हो गई है कि अब नागरिकों का धैर्य जवाब दे गया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मनपा प्रशासन को जगाने के लिए एक अनोखा आंदोलन किया, जो हर दिन गड्ढों वाली सड़कों पर यात्रा करने वाले नागरिकों की शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर रहा है। मनसे कार्यकर्ताओं ने मनपा के काम की तुलना गधे से की और प्रशासन को आईना दिखाया।

कैंप-3 स्थित पंजाबी कॉलोनी से सेंट्रल पुलिस स्टेशन तक मुख्य सड़क पूरी तरह पत्थरों से ढकी हुई है। नागरिक और स्कूली बच्चे हर दिन इस सड़क से यात्रा करते हैं। हालाँकि, पत्थरों के कारण न केवल वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का भी लगातार खतरा बना रहता है। मनसे शहर उपाध्यक्ष मुकेश सेठपालनी ने कुछ दिन पहले इन सड़कों की मरम्मत के संबंध में मनपा को पत्र लिखा था, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। अंततः इस उपेक्षा के विरुद्ध मनसे कार्यकर्ता गड्ढे वाली सड़कों पर गधे को लेकर निकले और कहा, 'यह है उल्हासनगर मनपा की गति और कार्यकुशलता!' इस आंदोलन ने उल्हासनगर शहरी क्षेत्र में हलचल मचा दी है।

# अंबरनाथ कांग्रेस में फूट के कारण इच्छुक परेशान

■ निष्ठावंत कांग्रेसियों ने चुनाव का कार्य शुरू किया

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए सभी पक्ष ने अपना कार्य शुरू कर दिया है किंतु ब्लॉक कांग्रेस में आपसी विवाद के कारण एवं शहर में कांग्रेस के दो अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल एवं प्रदीप पाटिल के बारे में कार्यकर्ताओं में संभ्रम कायम रहने के कारण वे सोच रहे हैं कि चुनाव में वह कहां जाएं. कुछ इच्छुक उम्मीदवारों ने शहर में अध्यक्ष विवाद को देखते हुए ठाणे जिला कांग्रेस कार्यालय से सीधा संपर्क किया है. तो कांग्रेस के निष्ठावंत पदाधिकारी गोपाल राय ने कांग्रेस को शहर में मजबूत करने के लिए शहर पश्चिम में वांद्रा पाड़ा, गौतम नगर, भास्कर नगर में व अन्य परिसर में कार्यकर्ताओं के संभ्रम को दूर करने एवं कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए दिन-रात कार्य शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा है कि शहर में कांग्रेस के दो शहराध्यक्ष का खुलासा नहीं होने से एवं चुनाव के लिए 10 नवंबर से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया को कांग्रेस कार्यकर्ताओं तक वह पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं. देखना है कि वह इस कार्य में कहां तक सफलता प्राप्त करते हैं. उन्होंने कहा है कि दोनों शहराध्यक्ष ने नगराध्यक्ष के लिए अपनी पत्नियों के नाम को आगे किया है. उसी तरह चुनाव में इच्छुक उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भी करनी चाहिए. ऐसा नहीं होने के कारण इच्छुक उम्मीदवार ठाणे जिला कांग्रेस अध्यक्ष दयानंद चोरघे से जाकर संपर्क कर रहे हैं.




## खबरें गांव की...

### रेप के विरोध में कर दी हत्या, फिर फंदे से लटका दिया शव, 5 के खिलाफ एफआईआर

**सीतापुर.** सीतापुर जिले के बिसवां में शुक्रवार को घर में 17 वर्षीय किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला। भाई का आरोप है एक युवक उसे काफी समय से परेशान कर रहा था। शुक्रवार दोपहर में उसने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध पर फंदे से लटका कर हत्या कर दी। घर में मौजूद भांजी को भी जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग निकले। तहरीर पर बिसवां पुलिस एक नामजद समेत चार अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### बेटे के साथ गई पत्नी, वकील ने घर में फंदे पर लटककर दी जान, सुसाइड नोट भी छोड़ा

**बदायूं.** यूपी के बदायूं में एक अधिवक्ता ने घर में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक ने जान देने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने अपनी पत्नी को दोषी ठहराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की वजह और सुसाइड नोट के विवरण से पूरे परिवार और आसपास के लोग स्तब्ध हैं।

मामला दातागंज कोतवाली के बेहटा माधव गांव का है। यहां के रहने वाले अधिवक्ता दुर्विजय सिंह, 40 वर्ष, पुत्र चेतराम ने शुक्रवार को किसी समय अपने घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक दिखाई नहीं देने पर परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटके हुए थे। इसके बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी रेशमा को दोषी बताया। सुसाइड नोट में दुर्विजय सिंह ने लिखा कि वह आत्महत्या कर रहा है, लेकिन पुलिस को जरूर बुलाया जाए ताकि उसकी पत्नी रेशमा जेल जा सके। उन्होंने कहा कि वह अपनी पत्नी की वजह से ही आत्महत्या कर रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### पत्नी की मौत से इस कदर टूटा पति, 8वें दिन फांसी लगाकर दे दी जान; परिवार में कोहराम

**गोंडा.** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनगाई में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां 30 वर्षीय युवक शिवम सिंह अपनी पत्नी की मौत से इस कदर टूट गया था कि गम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि पत्नी की मृत्यु के बाद से वह गहरे अवसाद में था और लगातार चुपचाप रहने लगा था। घटना की सूचना मृतक की मां कोकिला सिंह ने थाना धानेपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार, युवक शिवम की पत्नी वंदना सिंह ने 30 अक्टूबर 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी की मौत के बाद से शिवम मानसिक रूप से बेहद टूट गया था। जब घर के लोग बाहर के काम में व्यस्त थे, तभी उसने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

# संसद का विंटर सेशन 1 से 19 दिसंबर तक : 15 बैठकें होंगी

- मानसून सत्र के दौरान धनखड़ ने इस्तीफा दिया था
- SIR पर हंगामा हुआ



संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी।

इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था। मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं।

लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली। राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार PM-CM को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे चर्चा में रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

संसद के शीतकालीन सत्र में I.N.D.I.A. ब्लॉक मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग ला सकता है। 18 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर I.N.D.I.A. ब्लॉक की बैठक हुई थी।

बैठक के बाद कांग्रेस, TMC, सपा, DMK, राजद समेत 8 विपक्षी दलों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें TMC महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा- संसद के मौजूदा सत्र (मानसून सत्र) में 3 दिन बाकी हैं। महाभियोग लाने के लिए 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है। CEC के रवैये को देखते हुए हम अगले सत्र (शीतकालीन सत्र) में नोटिस देंगे।

दरअसल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 7 अगस्त को चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे। 17 अगस्त को CEC ज्ञानेश कुमार ने कहा था- राहुल वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे।

# कॉलेज में छात्र खुद को आग लगाकर दौड़ता रहा

- मुजफ्फरनगर में फीस न देने पर परीक्षा में नहीं बैठने दिया था

**मुजफ्फरनगर.** मुजफ्फरनगर में डीएवी कॉलेज के छात्र ने कैंपस में शुक्रवार दोपहर खुद को आग लगा ली। प्रिंसिपल ने फीस जमा न होने पर उसे परीक्षा देने से रोक दिया था। आरोप है कि छात्रों के सामने उसकी बेइज्जती भी की गई। कहा- धर्मशाला नहीं खोल रखी है।

इसके नाराज छात्र ने बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर छिड़ककर आग लगा ली। वह जलते हुए क्लासरूम की तरफ भागा। पीछे-पीछे साथी छात्र दौड़ते हुए पहुंचे। स्कूल बैग और पानी डालकर आग बुझाई। इसमें एक और छात्र भी झुलस गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

छात्र को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। वह 70% से ज्यादा झुलस गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। छात्र उज्जवल राणा का झुलसने के बाद का भी वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह कहता दिखाई दे रहा है कि मुझे अकेला छोड़ दो...मेरे साथ प्रिंसिपल ने गलत व्यवहार किया।

खाकरोबान गांव का रहने वाला उज्जवल DAV पीजी कॉलेज, बुढ़ाना से बीए सेकेंड ईयर में की पढ़ाई कर रहा है। वह थर्ड सेमेस्टर में है। छात्र के चाचा का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल में झुलसे भतीजे को देखकर चाचा चीख पड़ा। कहने लगा कि ये क्या हो गया...स्कूल वालों ने मेरे भाई की यह हालत कर दी। क्या गरीबों की आवाज उठाना गलत बात है।

मुजमुजफ्फरनगर में डीएवी कॉलेज के छात्र ने कैंपस में शुक्रवार दोपहर खुद को आग लगा ली। प्रिंसिपल ने फीस जमा न होने पर उसे परीक्षा देने से रोक दिया था। आरोप है कि छात्रों के सामने उसकी बेइज्जती भी की गई। कहा- धर्मशाला नहीं खोल रखी है।

# जम्मू-कश्मीर में चलती ट्रेन से टकराया चील

- विंडस्क्रीन टूटी, लोकोपायलट घायल



**अनंतनाग.** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग शनिवार सुबह एक चील चलती ट्रेन की विंडस्क्रीन से टकरा गई। इससे विंडस्क्रीन टूट गई। कांच के टूटने से चील ट्रेन में लोकोमोटिव पायलट के केबिन में जा गिरा। घटना बारामूला-बनिहाल एक्सप्रेस में बिजबेहरा और अनंतनाग रेलवे स्टेशन के बीच हुई। विंडस्क्रीन टूटने से पायलट के चेहरे पर मामूली चोटें आईं। हालांकि, टक्कर के बाद पक्षी पायलट के केबिन में बैठ गया।

ट्रेन को अनंतनाग स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद चील को बाहर निकाला गया। बाद में घायल पायल का इलाज किया गया। हालांकि इससे ट्रेन ऑपरेशन नहीं रुका। जांच के बाद ट्रेन रवाना कर दी गई।

# मोदी बोले- आखिरी सभा, शपथ ग्रहण में आऊंगा

- राहुल गांधी पर तंज, कुछ लोग बिहार चुनाव में डूबने की प्रैक्टिस कर रहे



कांग्रेस की सरकार में महंगाई चरम पर थी। महंगाई इस कदर थी कि गाने चलते थे, महंगाई डायन खाए जात है। आज हमने GST कम किया और कई चीजें सस्ती हो चुकी हैं।

**नरेंद्र मोदी,**
प्रधानमंत्री

**बेतिया.** PM मोदी ने बेतिया की सभा में कहा, 'बेतिया में मेरे बिहार के चुनाव अभियान की समापन रैली है। इस चुनाव में मेरी आखिरी सभा है। 11 नंवबर को हमें सिर्फ सीटें नहीं जीतनी है, हर बूथ जीतना है। मैं जीत के विश्वास के साथ जा रहा हूं। अब NDA के शपथ ग्रहण में आऊंगा।'

'चंपारण की इस धरती का इतिहास में बड़ा महत्व है। यही वो धरती है, जहां गांधी जी को महात्मा की उपाधि मिली थी। आज जब हम विकसित बिहार का संकल्प लेकर चले हैं, तो इस धरती का सहयोग अहम है।'

#### बिहार को जंगलराज से बचाना आपकी जिम्मेदारी है

'जगंलराज वालों ने सत्याग्रह की इस भूमि को लठैतों का गढ़ बना दिया था। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल था। जहां कानून का राज खत्म होता है, वहां सबसे ज्यादा परेशान गरीबों, पिछड़ों को होती है। कानून राज खत्म होगा तो रंगदारी शुरू होगी। आपने नीतीश कुमार का सुशासन देखा है, इसे जंगलराज से बचाए रखना आपकी जिम्मेदारी है।'

'जंगलराज को हराने का मतलब सिर्फ कांग्रेस-राजद को हराना नहीं है। इस मानसिकता को भी हराना होगा। जंगलराज का परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है, दिल्ली का नामदार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। इन लोगों ने लाखों करोड़ का घोटाला किया है। दोनों जमानत पर चल रहे हैं।'

# सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाने के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नॉलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

#### जमीन रजिस्ट्रेशन मुश्किल, डिजिटल सुधार जरूरी

कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है।

दीवानी मामलों में करीब 66% विवाद संपत्ति से जुड़े हैं। भारी मात्रा में भूमि विवादों के लिए मौजूदा सिस्टम मुख्य जिम्मेदार है। पुराना कानूनी ढांचा नकली दस्तावेज, अतिक्रमण, देरी, बिचौलियों की भूमिका और राज्यों में बिखरे नियमों जैसी खामियों से भरा है। उप-पंजीयक दफ्तरों में प्रशासनिक प्रक्रिया बोझिल और समय लेने वाली है।

कोर्ट ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम और नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम की सराहना की। कहा- सिर्फ डिजिटलीकरण से समस्या हल नहीं होगी। रिकॉर्ड गलत है तो डिजिटल संस्करण भी वही गलती बढ़ाएगा।

# बंगाल में 3 करोड़ से ज्यादा SIR फॉर्म बंटे

- एन्क्लेव महिलाओं को नाम गायब होने का खतरा
- सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार की याचिका सुनने तैयार



**कोलकाता.** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का रिवीजन SIR 4 नवंबर से शुरू हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद बूथ लेवल अधिकारियों ने 3.04 करोड़ से ज्यादा फॉर्म बांट दिए हैं।

हालांकि, कूचबिहार के पूर्व एन्क्लेव निवासियों ने लगभग 450 महिलाओं के नाम जिला प्रशासन को सौंपे हैं। उन्हें डर है कि 9 दिसंबर को पब्लिश होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से उनका नाम छूट सकता है। इधर, सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर से वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। CJI बीआर गवई की बेंच में यह मामला लिस्टेड किया गया है। तमिलनाडु सरकार की याचिका में पूरे देश में SIR प्रक्रिया शुरू करने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही बिहार में SIR की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

- घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे
- सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों पर फायरिंग की



**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा (LoC) के पार से शुक्रवार को घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया था।

भारतीय सेना की यूनिट चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में दो आतंकी मारे गए। ऑपरेशन अभी जारी है। सेना ने इसे 'ऑपरेशन पिंपल' नाम दिया है। मारे गए आतंकियों की पहचान या उनके संगठन की जानकारी अभी नहीं मिली है। इससे पहले 5 नवंबर को किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में मुठभेड़ हुई थी। आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया था।

#### जम्मू-कश्मीर की जेलों में पुलिस का छापा

कुपवाड़ा में मुठभेड़ के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIK) ने शनिवार को घाटी की कई जेलों में छापा मारा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान अगर कुछ भी अवैध बरामद होता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने इसे नियमित जांच का हिस्सा बताया और कहा कि इंटरनल सिक्योरिटी को मजबूत करने और जेल सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ताकि जेलों के अंदर कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो।

# अभिषेक शर्मा को रोक पाना नामुमकिन

- वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ पूरे किए 1000 रन
- सूर्यकुमार रह गए पीछे



भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी20 मैच के दौरान टी20 इंटरनेशनल में एक हजार रन पूरे किए। वह सबसे कम गेंदों में 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। अभिषेक सबसे कम पारियों में एक हजार रन बनाने वाले भारत के लिए दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। वह विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। अभिषेक जारी सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 28 पारियों में 189.51 के स्ट्राइक रेट से 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उन्होंने 6 अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। अभिषेक सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरा करने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान ने सिर्फ 24 पारियों में ही एक हजार के आंकड़े को छू लिया था। भारत के लिए विराट कोहली ने सबसे कम पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे। कोहली ने 27 और अभिषेक ने 28 पारियों में ये कारनामा किया। बाबर आजम ने 26 पारियों में और डेवोन कॉनवे ने 26 पारियों में ये मुकाम हासिल किया।

अभिषेक शर्मा ने 528 गेंदों में एक हजार रन बनाए हैं। वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम गेंदों में एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार यादव ने 573 गेंदों में एक हजार रन पूरे किए थे। फिल सॉल्ट ने 599, ग्लेन मैक्सवेल ने 604 और आंद्रे रसेल-फिन एलन ने 609 गेंदों में ये कारनामा किया था। अभिषेक शर्मा को गाबा में खेले जा रहे मुकाबले में शुरुआती ओवर में ही दो जीवनदान मिले हैं और एक बार फिर वह ताबड़तोड़ पारी खेल रहे हैं।

# भाजपा को कब मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष?

- बिहार चुनाव के बीच राजनाथ सिंह ने बताया



बिहार चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी बात कही है। उन्होंने इससे जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बिहार चुनाव के बाद इसकी घोषणा हो जाएगी। साथ ही उन्होंने इस बात से भी साफ इनकार कर दिया कि भाजपा अध्यक्ष के पद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के साथ कोई मतभेद नहीं है। राजनाथ सिंह ने न्यूज-18 को दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि आरएसएस भाजपा के राजनीतिक मामलों में कभी कोई हस्तक्षेप नहीं करता है।

वहीं, इसी इंटरव्यू के दौरान राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 160 से अधिक सीट जीतेगा और नीतीश कुमार स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री बनेंगे क्योंकि राजग उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारी जनसभाओं में मतदाताओं के उत्साह को देखते हुए, मैं कह सकता हूं कि हमारी सरकार निश्चित रूप से बनेगी और हम दो-तिहाई बहुमत भी हासिल कर सकते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि राजग बिहार में 160 से अधिक सीट जीतेगा।

भाजपा नेता ने इन खबरों को खारिज कर दिया कि चुनावी रणनीतिकार से राजनीतिक नेता बने प्रशांत किशोर का चुनाव परिणामों पर प्रभाव पड़ेगा और कहा कि ''प्रशांत किशोर कारक इतना महत्वपूर्ण नहीं है कि उस पर विचार भी किया जाए'' क्योंकि मतदाता अच्छी तरह से समझते हैं कि चुनाव कौन लड़ रहा है, वे जानते हैं कि जन सुराज पार्टी के प्रमुख एक भी सीट नहीं जीत पाएंगे।

भाजपा तथा चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) से एक-एक उपमुख्यमंत्री होने की खबरों पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य में जो कुछ भी होगा वह आम सहमति से तय किया जाएगा, जब सभी लोग एक साथ बैठेंगे और तय करेंगे कि क्या किया जाना है।

# साइबर फ्रॉड में लाखों रुपए गंवाने पर भड़के TMC सांसद



**नई दिल्ली.** ऑनलाइन फ्रॉड में करीब 57 लाख रुपए गंवाने वाले तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी इन दिनों चर्चा में हैं। शनिवार को उन्होंने देश में बढ़ती साइबर फ्रॉड की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर एक सांसद के साथ ऐसी घटना हो सकती है, तो आम नागरिक की सुरक्षा की बात हम कैसे कह सकते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा सांसद के एक पुराने बैंक खाते में से साइबर अपराधियों ने जाली दस्तावेज का उपयोग करके करीब 57 लाख रुपए निकाल लिए हैं।

एनडीटीवी से बात करते हुए कल्याण बनर्जी ने अपने साथ हुए इस अपराध पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'अगर मेरे जैसा व्यक्ति बैंक धोखाधड़ी के जाल में फंस गया, तो आम लोगों को क्या झेलना पड़ेगा? वित्त मंत्रालय एक साइबर धोखाधड़ी-रोधी इकाई क्यों नहीं बना रहा है?'

पश्चिम बंगाल की सेरामपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बनर्जी ने कहा कि उनका भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में एक खाता है, जिसका उन्होंने लंबे समय से उपयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'किसी ने केवाईसी का इस्तेमाल करके घोटाला किया। मेरी तस्वीर लगाई गई। पैन और आधार का गलत इस्तेमाल किया गया। फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके, मेरे खाते से लगभग 57 लाख रुपये निकाल लिए गए।'

टीएमसी नेता ने आगे कहा कि जब मुझे इस संदिग्ध लेनदेन का जानकारी मिली तो मैंने तुरंत ही बैंक संपर्क किया। इसके बाद जब साइबर अपराध का मामला सामने आया तो फिर कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध विभाग में अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। बनर्जी ने कहा, 'बैंक ने भी इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। हालांकि, बैंक ने इस पूरे घटनाक्रम को आंतरिक गड़बड़ी बताते खाते में 57 लाख रुपए जमा करा दिए हैं।'

### आम सूचना

मैं श्री ओमप्रकाश लक्ष्मणदास तलरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप न. एजी-15 (शॉप आफ एलजी-4 व एलजी5), लोअर ग्राऊंड फ्लोर, हरिओम काम्पलेक्स, प्लॉट नं. 1284(पी), 1285(पी), 1286(पी), 1974(पी), 1975(पी), बैरक नं. 1932 व 1933 के पास, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 57डीओ020194800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती दिव्या मुकेश चावला के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.3.2015 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री ओमप्रकाश लक्ष्मणदास तलरेजा**

### आम सूचना

मैं श्रीमती प्रमिला राजकुमार शर्मा सभी को सूचित कर रही हूं कि साईड पोर्शन रुम नं. 12, बैरक नं. 1651, शीट नं. 37, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 48सीआय0230055300) उक्त प्रॉपर्टी श्री सागर मनोहर चापके उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.7.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती प्रमिला राजकुमार शर्मा**

### आम सूचना

मैं श्री मुकेश चंदरलाल जेसवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 101, पहला माला, साई शरण अपार्टमेंट, प्लॉट रुम नं. 471, ब्लॉक नं.ए-79, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 13बीआय017541400) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरेश थदारा वासवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.5.2021 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश चंदरलाल जेसवानी**

**संक्षेप...**

## ज्वेलर को धमकी; 50 लाख मांगे गए

**मुंबई.** चेम्बूर के एक ज्वेलर ने आरोप लगाया है कि उसे धमकी दी गई और उससे रंगदारी के तौर पर 50 लाख मांगे गए, जिसके बाद ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान अकबर हुसैन उर्फ राजू बटला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 69 साल के शिकायतकर्ता, जो चेम्बूर स्टेशन के पास एक ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि आरोपी अकबर हुसैन उर्फ राजू बटला ने कथित तौर पर उन्हें CTS नंबर 191 से 197, पुंडलिक हाउस, पायलीपाड़ा, ट्रॉम्बे में स्थित एक प्रॉपर्टी के डेवलपमेंट के सिलसिले में धमकी दी।

आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को चेतावनी दी कि वह ज़मीन किसी और को न दे और डेवलपमेंट का काम शुरू करने देने के लिए 50 लाख की मांग की। उसने यह भी धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वह शिकायतकर्ता को जान से मार देगा।

# कल्याण रिंग रोड जल्द होगा पूरा

**कल्याण.** कल्याण शहर में एक रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। यह रिंग रोड शहर में यातायात की भीड़भाड़ से राहत दिलाने में काफ़ी मददगार साबित होगी। इस प्रस्तावित रिंग रोड के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए, नगर आयुक्त और 'MMRDA' के अधिकारियों ने इस मार्ग पर आने वाली बाधाओं का निरीक्षण किया।



### TDR के रूप में मुआवज़ा देने की प्रक्रिया पूरी करने के आदेश

इस निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने अधिकारियों को प्रभावित चल धारकों का शीघ्र पुनर्वास करने, प्लॉट धारकों को टीडीआर के रूप में मुआवज़ा देने की प्रक्रिया पूरी करने और अगले दो महीनों में सभी ज़मीनों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं।यदि दो महीनों के भीतर सभी बाधाएँ दूर हो जाती हैं, तो 'एमएमआरडीए' ने आश्वासन दिया है कि दुर्गाडी से मोथागाँव मानकोली तक के काम का सबसे बड़ा चरण अगले सात महीनों में पूरा हो जाएगा।

### 10 मिनट में कर सकेंगे सफर

इस रिंग रोड के बनने से कल्याण से मोथागाँव तक 10 मिनट में यात्रा करना संभव हो जाएगा। यह रिंग रोड कल्याण और ठाणे के बीच की दूरी कम करने में मदद करेगी। पिछले कई वर्षों से कल्याण और डोंबिवली शहरों में यातायात जाम को कम करने के लिए प्रस्तावित रिंग रोड का काम चल रहा है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में एक बैठक में इस कार्य को शीघ्र पूरा कर नागरिकों को सुविधाएँ प्रदान करने के निर्देश दिए थे।

### संयुक्त निरीक्षण का आयोजन

इस निर्देश के बाद, 'एमएमआरडीए' द्वारा भूमि हस्तांतरित न किए जाने का कारण बताया गया। इसका दोष मनपा प्रशासन पर मढ़ा गया। इसीलिए मनपा आयुक्त अभिनव गोयल ने बुधवार को अवकाश होने के बावजूद एक संयुक्त निरीक्षण का आयोजन किया। निरीक्षण निरीक्षण के दौरान एमएमआरडीए के वरिष्ठ अभियंता मतीन साखलकर सहित मनपा के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दुर्गडी के निकट गोविंदवाड़ी बाईपास से निरीक्षण शुरू करते हुए, आयुक्त ने तीसरे चरण में पूरे मार्ग का निरीक्षण किया।यह देखने पर कि रेलवे प्रशासन सहित स्थानीय नागरिकों की भूमि प्रभावित हो रही है, आयुक्त ने इस भूमि के संबंध में तुरंत सुनवाई करने और उन्हें मुआवजा देकर भूमि एमएमआरडीए को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने चरण 4 और 7 के बीच के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया और जानकारी एकत्र की।चूँकि यह पूरा मार्ग खाड़ी के किनारे है, इसलिए इन ज़मीनों पर कोई अतिक्रमण नहीं है, फिर भी शिवाजीनगर और कोपर के बीच 42 घर प्रभावित होंगे।

### पुनर्वास के निर्देश

मनकोली पुल के पास के भूखंड को लेकर अदालत में एक याचिका दायर होने के कारण, इस विवाद को सुलझाने के लिए आयुक्त ने यह निरीक्षण किया। इस बीच, उन्होंने बीएसयूपी परियोजना में प्रभावित लोगों के पुनर्वास के निर्देश दिए हैं।

## उथलसर- नौपाड़ा परिसर में सोमवार को जलापूर्ति बंद रहेगी

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के उथलसर प्रभाग समिति के अंतर्गत सिद्धेश्वर जलकुंभ में एक नई पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य से कोलबाड़ क्षेत्र को जलापूर्ति करने वाली मुख्य जल आपूर्ति प्रणाली प्रभावित हो रही है, इसलिए इस पानी की टंकी को स्थानांतरित करना आवश्यक है। 600 मिमी व्यास वाली इस पानी की टंकी को स्थानांतरित करने का कार्य सोमवार 10 नवंबर को किया जाएगा। इसलिए इस पानी की टंकी पर सोमवार10 नवंबर को सुबह 9 बजे से मंगलवार 11 नवंबर को सुबह 9 बजे तक कुल 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी।इस बंद अवधि के दौरान सिद्धेश्वर तालाब क्षेत्र, माता रमाबाई आंबेडकर नगर, गणेश वाड़ी, नितिन कंपनी, पाचपखाड़ी, हंस नगर, सिंह नगर, खोपट, फ्लावर वैली, शेलार पाड़ा, गोकुलदास वाड़ी, कोलबाड़, गोकुल नगर क्षेत्र और उथलसर प्रभाग समिति के पांचपखाडी, चंदनवाड़ी, मनपा मुख्यालय क्षेत्र, चरई, धोबिआली आदि क्षेत्रों में 24 घंटे के लिए जलापूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। मंगलवार11 नवंबर को आपूर्ति शुरू होने के बाद अगले 1 से 2 दिनों तक नागरिकों को कम दबाव के साथ आपूर्ति की जाएगी।

**नरेश गायकवाड़ की 23वीं पुण्यतिथि पर**

# कबीर गायकवाड़ की उम्मीदवार की घोषणा

■ **सुधा गायकवाड़ नगराध्यक्ष उम्मीदवार हो सकती हैं**

**उल्हास विकास संवाददाता**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में राकांपाा (शप) की ओर से नगराध्यक्ष पद के लिए नरेश गायकवाड़ की पत्नी, पूर्व नगरसेविका सुधा नरेश गायकवाड़ संभावित उम्मीदवार हो सकती हैं. साथ ही चिंचपाड़ा परिसर प्रभाग क्र. 3 से कबीर गायकवाड़ पक्ष की तरफ से उम्मीदवार होंगे. शनिवार 8 नवंबर को नरेश गायकवाड़ की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अन्नदान, स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन के समय ऐसा बयान राकांपा शहराध्यक्ष सलीम खान ने एवं कबीर गायकवाड़ ने पत्रकारों को दिया है. कबीर ने इस अफवाह का खंडन भी किया कि वह किसी अन्य पक्ष में जाने वाले हैं. राकांपा (शप) पक्ष के कई नेता पक्ष छोड़ चुके हैं, लेकिन उन्होंने पक्ष नहीं छोड़ा है.

विदित हो कि गत 23 वर्षों से शहर में 8 नवंबर को नरेश गायकवाड़ की पुण्यतिथि शहर में मनाई जाती है. उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है. अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. नरेश गायकवाड़ के चाहने वाले बड़ी संख्या में एकत्रित होकर उनकी याद को ताजा करते हैं. रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया. अन्नदान एवं स्वास्थ्य कैम्प में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त में जांच की गई. पत्रकारों द्वारा चुनाव संबंध में प्रश्न करने पर कबीर ने पत्रकारों को बताया कि उनके पिता नरेश गायकवाड़ ने जिता की सेवा में अपने प्राण अर्पण किए हैं. इसी कार्य को जारी रखते हुए वह आने वाले चुनाव में राकांपा (शप) पक्ष के चिंचपाड़ा से अपनी उम्मीदवारी दाखिल करेंगे.

# ठाणे में साइकिल यात्रा के माध्यम से एचआईवी-एड्स जागरूकता संदेश

**ठाणे.** जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण प्रकोष्ठ जिला सामान्य अस्पताल ठाणे और साइकल प्रेमी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं में एचआईवी-एड्स और सिफलिस के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इस साइकिल यात्रा में पाँच वर्ष से 77 वर्ष की आयु के 287 साइकिल प्रेमियों ने भाग लिया।



कई लोग एचआईवी पॉजिटिव और एड्स जैसे दो शब्दों का उच्चारण करते ही डर जाते हैं। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि पहले इस बीमारी को लेकर काफी डर था, लेकिन जन जागरूकता के कारण यह डर दूर हो गया है। साइकिल यात्रा की शुरुआत सुबह गणमान्य व्यक्तियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने एचआईवी पॉजिटिव और एड्स के बीच अंतर समझाते हुए कहा। मुझे एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए साइकिल यात्रा का आयोजन करके खुशी हो रही है। युवाओं में इस बीमारी के बारे में बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करना भी उतना ही आवश्यक है।

साइकिल प्रेमी फाउंडेशन की ओर से, सतीश प्रधान ज्ञान साधना महाविद्यालय के अध्यक्ष कमलेश प्रधान को हाल ही में कैलाश-मानस सरोवर यात्रा और कैलाश पर्वत परिक्रमा सफलतापूर्वक पूरी करने पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, ठाणे जिला मुख्य दंत शल्य चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी रतन गढ़वे,विनोद जोशी, साइकिल प्रेमी फाउंडेशन के सचिव दीपेश दलवी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश महावरकर, जिला पर्यवेक्षक अशोक देशमुख और नीलिमा पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रिया पुरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रतन गढ़वे ने दिया।

**जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में**

# ठाणे जिले के सभी बैंकों की समीक्षा बैठक संपन्न

**ठाणे.** जिले के सभी बैंकों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के परियोजना निदेशक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभिषेक पवार, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक सोनाली देवरे, ठाणे के आरएसईटीआई निदेशक, सभी बैंकों के जिला समन्वयक, विभिन्न राज्य सरकारी निगमों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने ठाणे जिले के सभी बैंकों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की। चर्चा मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) 2025-26, सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं (पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, पीएम विश्वकर्मा, पीएमएफएमई, स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा) के साथ-साथ वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई) पर केंद्रित रही। साथ ही, पीएम स्वनिधि योजना, आरएसईटीआई और एफएलसी के कामकाज और डीएफएस व आरबीआई द्वारा कार्यान्वित निष्क्रिय जमाओं पर जन जागरूकता अभियान की समीक्षा भी हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने सभी बैंकों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण के लक्ष्य को पूरा करने और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुँचाने के निर्देश दिए।

# एस.एस.टी. महाविद्यालय में 'वंदे मातरम् सार्धशती महोत्सव'

■ **राष्ट्रीय गीत सामूहिक गायन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न**





**उल्हासनगर.** बंकिमचंद्र चॅटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, मुंबई विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एस.एस.टी. महाविद्यालय में 'वंदे मातरम् सार्धशती महोत्सव' के अंतर्गत राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विभाग के तत्वावधान में किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस सामूहिक गायन में विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और शिक्षकवर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम्' गीत का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व विद्यार्थियों को समझाया गया। इस उपक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाना और स्वतंत्रता आंदोलन में 'वंदे मातरम्' गीत के योगदान को विद्यार्थियों तक पहुँचाना था।

संस्थान के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी ने इस अवसर पर कहा, "'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है। इस गीत ने लाखों भारतीयों के हृदय में स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित की। ऐसे उपक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को हमारे देश की गौरवशाली परंपरा का ज्ञान होता है।" इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. संतोष करमानी, उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, उपप्राचार्य श्री जीवन विचारे, श्री देविदास जलकोटे, महाविद्यालय के सभी समन्वयक, शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे देशभक्ति प्रेरक उपक्रमों से विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना का उत्साह बढ़ेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलेगी। यह कार्यक्रम संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्रा. जीवन विचारे (उपप्राचार्य, एस.एस.टी. महाविद्यालय तथा जिला समन्वयक – ठाणे, एनएसएस) ने किया, जबकि कार्यक्रम अधिकारी प्रा. मयूर माथुर, प्रा. नम्रता सिंह, प्रा. स्नेहा गुप्ता, प्रा. सुरभी त्रिवेदी और एनएसएस स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।


## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Residential Premises known as Portion of Room No. 393 of Block No. A-197 bearing C.T.S. No. 23523 (P), Ulhasnagar-4, Dist. Thane area adm. 224.6/9 Sq. Yards equivalent to 2022 Sq. Ft., out of total C.D. area adm. 258 Sq. Yards and area adm. 187.86 Sq. Meters as per Property Card duly fitted with electric connection assessed under Municipal Ward No. 50 Property No. 50DI0107873200 (as it where it is basis) from SMT. JYOTI NARAIN RAGHANI ALIAS JYOTSNA JANIMAL NARA & SHRI NARAINDAS DAYALDAS RAGHANI

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or Govt. Liability or GST Liability otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with doc3umentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

Ramesh T. Ramrakhiyani
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 / 9422667400


# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर

### 'जूटोपिया 2' के हिंदी वर्जन में जूडी हॉप्स के किरदार को देंगी अपनी आवाज



डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हॉप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवंबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी।

फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हॉप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा।

श्रद्धा ने कहा, 'जूडी हॉप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पॉजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था।'

श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था।

उन्होंने कहा, 'किसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है।'

# ठाणे जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

**ठाणे.** खेल एवं युवा सेवा निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे, जिला क्रीड़ा परिषद एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय ठाणे और बी.एन. बंदोदकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ठाणे जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल ने किया।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण, युवाओं में छिपे गुणों को उजागर करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन करता है। जिले भर से 15 से 29 वर्ष की आयु के बड़ी संख्या में युवाओं ने कला, संस्कृति और साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए इस महोत्सव में भाग लिया। युवाओं को प्रोत्साहित करने की इस पहल की सराहना करते हुए, अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल ने कहा कि नई पीढ़ी की ऊर्जा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता ही जिले के समग्र विकास की दिशा निर्धारित करने वाली शक्तियाँ हैं।जिला युवा महोत्सव में महाविद्यालय की प्राचार्य विंदा मंजारामकर, जोशी बेडेकर महाविद्यालय की डॉ. सुचित्रा नाइक, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बार्टक्के और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले और मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र और विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल के मार्गदर्शन और जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बारटक्के की पहल पर ठाणे जिला स्तरीय युवा महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।




उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)



## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Commercial Shop admeasuring about 750 Sq. Ft., (Super Built Up area is equal to carpet + 40% of carpet area, & 50% otla) equivalent to 638 Sq. Ft., (Built Up area) known as Shop No. 1, on Ground Floor, of "JAI MAA GAURI APARTMENT" which is constructed on Block No. C-688, Room No. 1376 (admeasuring about 313 Sq. Yards) and Land Adjacent to Block No. C-688, Room No. 1376 Sheet No. 39 (admeasuring about 145 Sq. Yards), situated at Near Petrol Pump, Section-25, Ulhasnagar-4, Dist. Thane, totally area admeasuring 458 Sq. Yards (as it is where it is basis) assessed under Municipal Ward No. 49, Property No. 49CI019611300 from 1) SMT. SARGAM S SHARMA ALIAS SUDHA R. BAVSAR 2) SHRI NARAYANDAS J. MOTIRAMANI 3) SMT. SUNITA N. MOTIRAMANI 4) SHRI MANISH N. MOTIRAMANI

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or Govt. Liability or GST Liability otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 / 9422667400


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099